AMAR UJALA, Delhi, 15.4.2024
Page No. 6, Size:(13.73)cms X (13.52)cms.

स्कोप सोशल इंटरेक्टिव सेंटर का उद्घाटन

नई दिल्ली। सार्वजनिक उद्यमों के स्थायी सम्मेलन (स्कोप) ने स्कोप कॉम्प्लेक्स लोदी रोड नई दिल्ली में अपनी तरह के पहले स्कोप सोशल इंटरेक्शन सेंटर (एसएसआईसी) का उद्घाटन किया। एसएसआईसी का उद्घाटन स्कोप के अध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता और गेल के सीएमडी व स्कोप के महानिदेशक अतुल सोबती की उपस्थिति में किया गया। स्कोप के उपाध्यक्ष ब्रजेश कुमार उपाध्याय, सीएमडी गोवा शिपयार्ड डॉ वसुंधरा उपमन्यु, संयुक्त सचिव सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) लुकास एल कामसुआन, संयुक्त सचिव डीपीई मिचिको मियामोतो, कंट्री डायरेक्टर आईएलओ इंडिया गुरदीप सिंह, सीएमडी एनटीपीसी केएस मूर्ति, सीएमडी बीएचईएल अमरेंदु प्रकाश, अध्यक्ष सेल वर्तिका शुक्ला, सीएमडी ईआईएल केपी महादेवस्वामी, सीएमडी एनबीसीसी प्रवीण कुमार पुरवार, सीएमडी एमटीएनएल इत्यादि उपस्थित थे। देश भर के सार्वजनिक उपक्रमों में सार्वजनिक क्षेत्र दिवस समारोह आयोजित किए जा रहे।

AMAR UJALA, Delhi, 15.4.2024
Page No. 6, Size:(13.85)cms X (9.38)cms.

गेल ने विश्वकर्मा पुरस्कार जीता

नई दिल्ली। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने अपनी बरौनी-गुवाहाटी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना (बीजीपीएल) के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्माण परियोजनाओं के लिए उपलब्धि पुरस्कार श्रेणी में प्रतिष्ठित 15वां सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार जीता। गेल के निदेशक (परियोजनाएं) दीपक गुप्ता और कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएं) एके त्रिपाठी ने यहां एक समारोह में कंपनी की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया।